

पशु चिकित्सा भैषज्य एवं विष विज्ञान विभाग, लुवास, हिसार

हरियाणा के औषधीय पौधों के चिकित्सकीय उपयोग

1. जैविक नामः ऐग्ले मार्मेलोस (Aegle marmelos)

सामान्य नामः बेल, कैथ

- **औषधीय कार्रवाईः** दर्द निवारक, जिगर सुरक्षात्मक, कीटाणु विरोधी, विषाणु (वायरस) विरोधी, मधुमेहरोधी, फफूंद (फंगस) विरोधी, प्रफलन विरोधी, एंटीऑक्सीडेंट, कोशिका रक्षक, दस्त विरोधी, कैंसर विरोधी
- **चिकित्सकीय उपयोगः** दमा, खून की कमी, हड्डी टूटना, घाव, जोड़ों में सूजन, उच्च रक्तचाप (ब्लड प्रेशर), पीलिया, दस्त, गर्भावस्था के दौरान टाइफाइड और मधुमेह का प्रबंधन

कच्चा सूखे फलः दस्त और पेचिश में

पका हुआ फलः बदहजमी में

जड़ और छालः बुखार में

पत्तेः सूजन, दमा, खून में ग्लूकोज की कमी (हाइपोग्लाइसीमिया), जिगर में सूजन (हेपेटाइटिस) और दर्द में

2. जैविक नामः एम्ब्लिका ओफ्फिसिनालिस (Emblica officinalis)

सामान्य नामः आंवला, अमला, भारतीय करौंदा

- **औषधीय कार्रवाईः** एंटीऑक्सीडेंट, जिगर सुरक्षात्मक, गुर्दा सुरक्षात्मक, चर्बी घटाना, हृदय सुरक्षात्मक, मधुमेह विरोधी (मधुमेहनिवारक, मधुमेहरोधी), इम्यूनो उत्तेजक, कैंसर विरोधी, सूक्ष्म जीव (कीटाणु) विरोधी, दर्द निवारक, ज्वरनिवारक, सूजन विरोधी, पेट सुरक्षात्मक, त्वचा सुरक्षात्मक, दिमाग सुरक्षात्मक, जरण विरोधी (उम्र बढ़ने विरोधी, बूढ़ा हो जाने विरोधी)
- **चिकित्सकीय उपयोगः**

फलः आंखों की समस्याओं, बदहजमी, पाकाशयशोथ, एसिडिटी, कब्ज, आंत के सूजन, बवासीर, मूत्र में खून आना, खून की कमी, मधुमेह, खांसी, दमा, हड्डियों की कमजोरी, बालों के सफेद होने में, कमजोरी और थकान में।

अन्य आम उपयोगः अपक्षयी और वार्धक्य प्रक्रिया में देरी करने के लिए, दीर्घायु को बढ़ावा देने के लिए, पाचन बढ़ाने, कब्ज के इलाज, बुखार को कम करने, रक्त शुद्धि के लिए, खांसी को कम करने, दमा को कम करने, हृदय को मजबूत बनाने, आंखों को फायदा, बाल विकास को बढ़ावा, शरीर सजीव, और बुद्धि बढ़ाने के लिए।

3. जैविक नामः विथानिआ सोम्निफेरा (Withania somnifera)

सामान्य नामः अश्वगंधा, असगंधा

- **औषधीय कार्रवाईः**

सूजन विरोधी, अरक्तताजन्य विरोधी, एंटीऑक्सीडेंट, कैंसर विरोधी, याददाश्त बढ़ाना, प्रतिरोधक क्षमता, नस एवं दिमाग सुरक्षात्मक

- **चिकित्सकीय उपयोग :**

पत्तेः ट्यूमर, ट्यूबरकुलर ग्रंथियों, छिद्रार्बुद और अल्सर के लिए बाहर से लगाना

जड़ः सूजन, अल्सर, गठिया, चिंता, परेशानी, अनिद्रा, ट्यूमर, टीबी, दमा, सफेद दाग, ब्रोंकाइटिस, पीठ में दर्द, मासिक धर्म समस्याओं, हिचकी और जिगर रोग।

4. जैविक नामः एलोवेरा (Aloe vera)

सामान्य नामः ग्वारपाठा, घिकांवर

- **औषधीय कार्रवाईः**

घाव भरना, जरण विरोधी (उम्र बढ़ने विरोधी, बूढ़ा हो जाने विरोधी), सूजन विरोधी, कीटाणु विरोधी, फफूंद (फंगस) विरोधी, विषाणु (वायरस) विरोधी, एंटीऑक्सीडेंट, कैंसर विरोधी, रेचक (दस्त लानेवाली), रोगाणुरोधक, रक्तस्राव निवारक

- **चिकित्सकीय उपयोग :**

त्वचा उपचार, छालों के फोड़ों (अल्सर) के उपचार और उनके साथ जुड़े दर्द में, मसूड़े की सूजन, फफूंद (फंगस) से त्वचा की सूजन और त्वचा के जलने पर

तकनीकी स्त्रोत, संकलन एवं संपादन : डॉ. विनय कान्त, डॉ. गौरव गुप्ता, डॉ. विजेयता तिवारी, डॉ. अर्चना लोहिया, डॉ. प्रीति बागड़ी

DORA 92153-40717